News Paper PG-no :-14

आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अखबार

**दैनिक भास्कर**

# चिरेका में महापरिनिर्वाण दिवस मना, दी श्रद्धांजलि



भास्कर न्यूज | चित्तरंजन

चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना में शुक्रवार को तकनिकी प्रशिक्षण केंद्र के बघवार हॉल में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ भीम राव अंबेडकर की पुण्य तिथि के उपलक्ष्य पर महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक हितेंद्र मल्होत्रा ने बाबा साहेब डॉ अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया । प्रमुख विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारियों ने पुष्पांजलि अर्पित की। समारोह के दौरान क्षेत्रीय अध्यक्ष चिरेका अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति संगठन के साथ साथ संगठन के सदस्यों ने भी श्रद्धांजलि दी।

News Paper PG-no :-2

दैनिक जागरण

# चिरेका एससी-एसटी एसोसिएशन ने जरूरतमंदों के बीच बांटा कंबल

संवाद सहयोगी, जागरण● मिहिजाम (जामताड़ा): चिरेका प्रशासनिक परिसर स्थित आल इंडिया एससी-एसटी रेलवे इंपलाइज एसोसिएशन कार्यालय में बुधवार को संविधान निर्माता भारत रत्न डा. भीमराव आंबेडकर की पुण्यतिथि को महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया। मौके पर राष्ट्रीय एससी एसटी आयोग के पूर्व अध्यक्ष अरुण हलदर, बाराबनी विधायक सह आसनसोल मेयर विधान उपाध्याय, इंद्रजीत सिंह, चिरेका अधिकारी सीपीओ, सीएमई, बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। संगठन की ओर से रक्तदान शिविर और कंबल वितरण का आयोजन किया गया। मौके पर 35 लोगों ने रक्तदान किया। लगभग पांच सौ जरूरतमंदों के बीच कंबल बांटा गया। इस दौरान राष्ट्रीय एससी-एसटी आयोग के पूर्व अध्यक्ष अरुण हलदर, बाराबनी विधायक ने जरुरतमंदों के बीच कंबल वितरित किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने संक्षिप्त संबोधन में बाबा साहेब की जीवन यात्रा पर प्रकाश डाला। सभी से डाक्टर आंबेडकर के व्यक्तित्व से प्रेरणा लेने की अपील की। समारोह के दौरान संगठन के एससी ब्रम्ह, प्रफुल्ला साहा, प्रभु दास व अन्य लोग मौजूद थे।



बाबा साहेब की तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित करते चिरेका जीएम ● जागरण

News Paper PG-no :-10

हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
www.livehindustan.com

# चिरेका में महापरिनिर्वाण दिवस मना

मिहिजाम, प्रतिनिधि। चिरेका के तकनीकी प्रशिक्षण केंद्र के बघवार हॉल में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ भीम राव अंबेडकर की पुण्य तिथि के उपलक्ष्य पर महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। चिरेका महाप्रबंधक हितेंद्र मल्होत्रा ने बाबा साहेब डॉ अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया और पुष्पांजलि अर्पित करते हुए अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख विभागाध्यक्ष,वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी आदि ने भी पुष्पांजलि अर्पित किए। ल चिरेका महाप्रबंधक ने अपने संक्षिप्त संबोधन में बाबा साहेब के जीवन यात्रा और उनके महत्वपूर्ण समय पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी से डॉ.अंबेडकर के व्यक्तित्व से प्रेरणा लेने की अपील की। समारोह के दौरान क्षेत्रीय अध्यक्ष, चिरेका अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति संगठन के साथ-साथ संगठन के सदस्यों ने भी डॉ आंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया।



डॉ भीम राव आंबेडकर की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि देते चिरेखा महाप्रबंधक।

News Paper PG-04

झारखंड का सर्वाधिक प्रसारित दैनिक
**प्रभात खबर**
अख़बार नहीं आंदोलन
07.12.2024

# चिरेका में मनाया गया महापरिनिर्वाण दिवस

**मिहिजाम.** चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना में तकनीकी प्रशिक्षण केंद्र के बधवार हॉल में शुक्रवार को संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ भीमराव आंबेडकर की पुण्यतिथि महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया गया. चिरेका महाप्रबंधक हितेंद्र मल्होत्रा ने बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया. महाप्रबंधक ने डॉ भीमराव आंबेडकर के जीवन यात्रा पर प्रकाश डाला. उन्होंने सभी से डॉ आंबेडकर के व्यक्तित्व से प्रेरणा लेने की अपील की.

**भाजपा अजा ने डॉ आंबेडकर को किया नमन : मिहिजाम.** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के बैनर तले मिहिजाम के हाड़ीपाड़ा में भारत रत्न डॉ भीमराव आंबेडकर की पुण्यतिथि महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया गया. डॉ बाबा साहेब की तस्वीर पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि दी गयी. कहा कि उन्होंने अपने पूरे जीवन को सामाजिक बुराइयों जैसे छुआ-छूत और जातिवाद के खिलाफ संघर्ष में लगा दिया था. इस दौरान बाबा साहब गरीब, दलित एवं शोषितों के अधिकारों के लिए संघर्ष करते रहे. मौके पर जिलाध्यक्ष प्रकाश रजक, जिला महामंत्री अरविंद हरि, राजकुमार हरि, कमल हरि, संजय हरि, बिशु हरि, प्रदीप हरि, राकेश हरि, गणेश हरि आदि थे.

News Paper PG-no :-10

संताल परगना से प्रकाशित प्रथम हिन्दी दैनिक

**इंडियन पंच**

**चिरेका में डॉ अंबेडकर की पुण्यतिथि पर मनाया गया महापरिनिर्वाण दिवस**

# महाप्रबंधक ने की डॉ अंबेडकर के व्यक्तित्व से प्रेरणा लेने की अपील

**मिहिजाम। संवाददाता**



चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना में 6 दिसंबर को तकनीकी प्रशिक्षण केंद्र के बघवार हॉल में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ भीम राव अंबेडकर की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य पर महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। हितेंद्र मल्होत्रा महाप्रबंधक ने बाबा साहेब डॉ अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया और पुष्पांजलि अर्पित करते हुए अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी गण आदि ने भी पुष्पांजलि अर्पित किए। श्री मल्होत्रा ने अपने संक्षिप्त संबोधन में बाबा साहेब के जीवन यात्रा और उनके महत्वपूर्ण समय पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी से डॉ अंबेडकर के व्यक्तित्व से प्रेरणा लेने की अपील की। समारोह के दौरान क्षेत्रीय अध्यक्ष चिरेका अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति संगठन के साथ-साथ संगठन के सदस्यों ने भी डॉ अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया।

News Paper PG-no :-07

परीक्षित

कोलकाता, शनिवार 7 दिसंबर, 2024 E-mail : parixit_ko

# चिरेका में महापरिनिर्वाण दिवस का पालन

चित्तरंजन,06.12.2024:

चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना (चिरेका) में आज 6 दिसंबर 2024 को तकनिकी प्रशिक्षण केंद्र के बघवार हॉल में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ.भीम राव अंबेडकर जी की पुण्य तिथि के उपलक्ष्य पर महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। श्री हितेंद्र मल्होत्रा, महाप्रबंधक ने बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया और पुष्पांजलि अर्पित करते हुए अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख विभागाध्यक्ष,वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी गण आदि ने भी पुष्पांजलि अर्पित किए।



श्री मल्होत्रा ने अपने संक्षिप्त संबोधन में बाबा साहेब के जीवन यात्रा और उनके महत्वपूर्ण समय पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी से डॉ.अंबेडकर के व्यक्तित्व से प्रेरणा लेने की अपील की। समारोह के दौरान क्षेत्रीय अध्यक्ष/ चिरेका अनुसूचित जाती एवं अनुसूचित जनजाति संगठन के साथ-साथ संगठन के सदस्यों ने भी डॉ. आंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया।

News Paper PG-no :-05

झारखण्ड से प्रकाशित सर्वाधिक लोकप्रिय दैनिक
**बिहार ऑबजर्वर**

# चिरेका में महापरिनिर्वाण दिवस का पालन



**चित्तरंजन (ससे)** चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना (चिरेका) में आज ६ दिसंबर २०२४ को तकनिकी प्रशिक्षण केंद्र में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ.भीम राव अंबेडकर जी की पुण्य तिथि के उपलक्ष्य पर महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। श्री हितेंद्र मल्होत्रा, महाप्रबंधक ने बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया और पुष्पांजलि अर्पित करते हुए अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख विभागाध्यक्ष,वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी गण आदि ने भी पुष्पांजलि अर्पित किए। श्री मल्होत्रा ने अपने संक्षिप्त संबोधन में बाबा साहेब के जीवन यात्रा और उनके महत्वपूर्ण समय पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी से डॉ.अंबेडकर के व्यक्तित्व से प्रेरणा लेने की अपील की। समारोह के दौरान क्षेत्रीय अध्यक्ष/ चिरेका अनुसूचित जाती एवं अनुसूचित जनजाति संगठन के साथ-साथ संगठन के सदस्यों ने भी डॉ. आंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया।

News Paper PG-no :-05

जयपुर महानगर टाइम्स

# भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर चिरेका में मनाया महापरिनिर्वाण दिवस



महानगर संवाददाता

**चित्तरंजन।** चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना (चिरेका) में 6 दिसंबर को तकनीकी प्रशिक्षण केंद्र के बघवार हॉल में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्य तिथि के उपलक्ष्य पर महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। हितेंद्र मल्होत्रा, महाप्रबंधक ने बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया और पुष्पांजलि अर्पित करते हुए अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी गण आदि ने भी पुष्पांजलि अर्पित की। मल्होत्रा ने अपने संक्षिप्त संबोधन में बाबा साहेब के जीवन यात्रा और उनके महत्वपूर्ण समय पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी से डॉ.अंबेडकर के व्यक्तित्व से प्रेरणा लेने की अपील की। समारोह के दौरान क्षेत्रीय अध्यक्ष/ चिरेका अनुसूचित जाती एवं अनुसूचित जनजाति संगठन के साथ-साथ संगठन के सदस्यों ने भी डॉ. अबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया।

News Paper PG-no :-05

Darpan of India

# Mahaparinirvan divas observed in clw



**DOI CORRESPONDENT**

**Chittaranjan , 6 December:** Mahaparinirvan Divas, commemorating the death Anniversary of Bharat Ratna Dr. Bhim Rao Ambedkar was observed in Chittaranjan Locomotive Works (CLW) today, on 6th December 2024. Shri Hitendra Malhotra, General Manager garlanded the portrait of Dr. Ambedkar and paid floral tribute. Principal Heads of Department, Sr.Officers and Staff of CLW were present on this occasion. Shri Malhotra in his brief address highlighted the life & times of Baba Saheb. He appealed all to get inspiration from the personality of Dr. Ambedkar. Zonal President/CLW SC & ST Association, along with members of SC/ST association were also present during the function & paid floral tribute.

It is mentioned here that, every year, Mahaparinirvan Divas of Dr.Ambedkar is celebrated in CLW in the true spirit and simplicity.